9. ललित निबंध और विवेचनात्मक निबंध में अंतर स्पष्ट कीजिए।

खण्ड—स **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

10. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नायक चन्द्रगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए।

11. 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

12. 'मेरा बचपन' आत्मकथा के आधार पर हरिवंशराय बच्चन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

13. आलोचना का स्वरूप स्पष्ट करते हुए, आलोचना के विविध प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

HD–03

June – Examination 2024

B.A. (Part-II) Examination

हिन्दी साहित्य

[हिन्दी गद्य भाग-II (नाटक एवं अन्य विधाएँ)]

Paper : HD-03

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) संस्मरण से क्या तात्पर्य है ?

   (ii) जयशंकर प्रसाद रचित नाटकों की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(iii) 'अदम्य जीवन' किस विधा की रचना है ?

(iv) नाटक और एकांकी में कोई दो अन्तर बताइए।

(v) 'उत्साह' निबंध के रचनाकार का नाम लिखिए।

(vi) 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य में किस समस्या को रेखांकित किया है ?

(vii) रिपोर्ताज के प्रमुख तत्त्वों के नाम लिखिए।

खण्ड—ब **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"वह गोधूली मुझे अब तक नहीं भूली। संध्या के लाल सुनहली आभा वाले उड़ते हुए दुकूल पर रात्रि ने मानो छिपकर अंजन की मूठ चला दी थी। मेरा नाव वाला कुछ चिंतित-सा लहरों की ओर देख रहा था; बूढ़ी भक्तिन मेरी किताबें, कागज़-कलम आदि संभालकर नाव पर रखकर बढ़ते अंधकार पर खिजलाकर बुदबुदा रही थी या मुझे कुछ सनकी बनाने वाले विधाता पर, यह समझना कठिन था। बेचारी मेरे साथ रहते-रहते दस लम्बे वर्ष काट आई

है, नौकरानी से अपने-आपको एक प्रकार की अभिभाविका मानने लगी है; परन्तु मेरी सनक का दुष्परिणाम सहने के अतिरिक्त उसे क्या मिला है ?"

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"मेरा मन पूछता है किस ओर ? मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है ? पशुता की ओर या मनुष्यता की ओर ? अस्त्र बढ़ाने की ओर या अस्त्र काटने की ओर ? मेरी निर्बोध बालिका ने मानो मनुष्य जाति से ही प्रश्न किया है, जानते हो, नाखून क्यों बढ़ते हैं ? यह हमारी पशुता के अवशेष हैं। मैं भी पूछता हूँ जानते हो, ये अस्त्र-शस्त्र क्यों बढ़ रहे हैं ? ये हमारी पशुता की निशानी हैं।"

4. 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य की संवादगत विशिष्टताएँ लिखिए।

5. 'घीसा' रेखाचित्र में घीसा के चरित्र का चित्रण कीजिए।

6. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में किस सामाजिक समस्या का निदान है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

7. 'उत्साह' निबंध में व्यक्त विचारों पर एक लेख लिखिए।

8. 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी की कथावस्तु बताते हुए इसके उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।